# शासकीय इंजीनियर विश्वेसरैया स्नातकोत्तर महाविद्यालय
## कोरबा (छ.ग.)



# मार्गदर्शिका

## सत्र : 2022–23

## -: संकाय :-

## कला/ विज्ञान/वाणिज्य/बीसीए


100 बेड हॉस्पिटल के पास, रजगामार रोड, जिला - कोरबा (छ.ग.) पिन - 495677

दूरभाष क्रमांक : 07759-221458

E-mail : gevpg1981@gmail.com | Website : www.gevpgkrb.ac.in



## प्राचार्य की कलम से......

प्रिय छात्र / छात्राओं ..................

सत्र 2022-23 में इस महाविद्यालय में प्रवेशित / प्रवेश हेतु इच्छुक सभी छात्र / छात्राओं का महाविद्यालय परिवार स्वागत करता है एवं नवीन सत्र में आपके उज्जवल भविष्य की कामना करता है। महाविद्यालय से संबंधित सभी महत्वपूर्ण जानकारी इस मार्गदर्शिका में उपलब्ध कराने का प्रयास किय गया है। आप सभी से अनुरोध है कि इस मार्गदर्शिका को सदैव अपने साथ रखें।

महाविद्यालय में स्नातक / स्नातकोत्तर / डिप्लोमा पाठ्यक्रम के अध्ययन की सुविधा उपलब्ध होने के साथ-साथ रोजगार मूलक पाठ्यक्रम भी संचालित हो रहे हैं एवं छात्र / छात्राओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने हेतु महाविद्यालय प्रशासन निरंतर प्रयासरत् है।

महाविद्यालय परिवार अध्ययनरत् छात्र-छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना, उन्हें नैतिक मूल्यों एवं व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास किये जाने का एवं आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु निरंतर प्रयास करता है। छात्र-छात्राओं से अनुरोध है अध्ययन-अध्यापन के साथ महाविद्यालय में संपादित गतिविधियों में सक्रिय रुप से भाग लें तथा महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता एवं अनुशासन बनाये रखने में सहयोग करें।

शुभकामनाओं सहित !

(डॉ. आर.के. सक्सेना)
प्राचार्य
शासकीय इं.वि.स्नातकोत्तर महाविद्यालय
कोरबा (छ.ग.)


# महाविद्यालयीन गतिविधियाँ
















# महाविद्यालयीन गतिविधियाँ













# अनुक्रमणीय



| क्र. | शीर्षक | पृष्ठ |
|---|---|---|
| 1. | अभिभावकों से अपील | 1 |
| 2. | महाविद्यालय का परिचय | 2 |
| 3. | महाविद्यालय में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों की जानकारी | 3 |
| 4. | शासन स्तर से संचालित सेमेस्टर प्रणाली की कक्षायें | 4 |
| 5. | इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) | 5 |
| 6. | पंडित सुन्दरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय संबंधित जानकारी | 5 |
| 7. | कोरोना काल में महाविद्यालय का संदेश | 6 |
| 8.. | How to fill an antiragging form ? | 6 |
| 9. | महाविद्यालय में संचालित विभिन्न कक्षाओं / विषयों में प्रवेश हेतु शुल्क वितरण | 7 |
| 10. | महाविद्यालय में उपलब्ध सुविधाएं | 8 |
| 11. | छत्तीसगढ़ में शासकीय महाविद्यालयों में विद्यार्थियों के लिए आचार संहिता | 10 |
| 12. | छात्र-छात्राओं के लिए आवश्यक निर्देश | 11 |
| 13. | अधिसूचना | 14 |
| 14. | प्रवेश संबंधी जानकारी | 15 |
| 15. | शुल्क मुक्ति, सहायक निधि, शिष्यवृत्ति संबंधी जानकारी | 17 |
| 16. | कार्यरत प्राध्यापक / सहा. प्राध्यापक की सूची | 18 |
| 17. | कार्यालयीन परिवार | 19 |
| 18. | प्रयोगशाला परिवार | 19 |
| 19. | हेल्प डेस्क | 20 |
| 20. | अकादमिक कैलेण्डर | 21 |
| 21. | Committee Members | 23 |

# अभिभावकों से अपील

सादर नमस्कार.......

इस महाविद्यालय परिवार में शामिल होने पर आप का हार्दिक स्वागत, अभिनंदन। महाविद्यालय परिवार अत्यंत हर्षित है।

महाविद्यालय से संबंधित सभी महत्वपूर्ण जानकारी इस मार्गदर्शिका में उपलब्ध कराने का प्रयास किया गया है। आप सभी से अनुरोध है कि इस मार्गदर्शिका का अवलोकन करें। आपके पाल्यों के विकास एवं शिक्षा में उन्हें प्रदर्शन की जानकारी हेतु छ.ग. उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार महाविद्यालय में शिक्षक, अभिभावक योजना का क्रियान्वयन होता है। आपसे निवेदन है कि इस योजना के अंतर्गत आयोजित बैठकों में अपनी बहुमूल्य उपस्थिति के साथ महत्वपूर्ण सुझाव एवं फीडबैक प्रदान करें।

महाविद्यालय निरंतर विकास की ओर अग्रसर है एवं वर्तमान में महाविद्यालय में जो कमियां हैं, उनके निराकरण हेतु आपके महत्वपूर्ण सुझाव सादर आमंत्रित है, क्योंकि अब आप इस महाविद्यालय के अभिन्न अंग है। आप सभी से विनम्र निवेदन है कि अपने पाल्यों द्वारा निम्नलिखित बिंदुओं का पालन कराना सुनिश्चित करें -

- ► आंतरिक परीक्षाओं के महत्व समझाकर इसमें उनकी उपस्थिति अनिवार्य करें।
- ► महाविद्यालय में प्रतिदिन अपना आई-कार्ड पहनने की सलाह दें।
- ► महाविद्यालय का सही पता एवं मोबाईल नंबर की सही जानकारी प्रदान करें।
- ► महाविद्यालय भवन में मोबाईल फोन का उपयोग पूर्णतः वर्जित करें।
- ► प्रायोगिक कक्षाओं में नियमित रूप से उपस्थित होने की सलाह दें।
- ► महाविद्यालयीन साहित्यिक, सांस्कृतिक, खेलकूद एवं अन्य गतिविधियों में सम्मिलित होन के लिये प्रोत्साहित करें।
- ► महाविद्यालय का सूचना पटल का नियमित रूप से अवलोकन करें।
- ► महाविद्यालय परिसर में रैगिंग से पूर्णतः दूर रहने की सलाह दें तथा ऐसी कोई घटना की जानकारी हो तो उसकी सूचना महाविद्यालयीन प्रबंधन को देवें।
- ► महाविद्यालय की अधोसंरचना (फर्नीचर, लाईट, पंखे, दरवाजे-खिड़कियाँ, लैब के उपकरण, टायलेट, ग्रंथालय की किताबें, फूल-पौधे) को नुकसान न पहुंचायें।
- ► महाविद्यालय में अपने दिव्यांग सहपाठियों का पूर्ण सम्मान एवं सहयोग करने के लिये प्रेरित करें।
- ► महाविद्यालय की शिक्षक-अभिभावक योजना कें अंतर्गत नियुक्त प्राध्यापकों के निरंतर संपर्क में रहने की सलाह दें।
- ► कोविड-19 के नियमों का पालन अवश्य करें।

हमें पूर्ण विश्वास है कि आपके सहयोग से महाविद्यालय में अनुशासन एवं सकारात्मक वातावरण बना रहेगा।

धन्यवाद

(डॉ. आर.के. सक्सेना)
प्राचार्य
शासकीय इं.वि.स्नातकोत्तर महाविद्यालय
कोरबा (छ.ग.)

# महाविद्यालय का परिचय

- शासकीय इं.वि. स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कोरबा जिले का अग्रणी एवं नोडल महाविद्यालय है।
- ऊर्जा नगरी में स्थित इस महाविद्यालय की स्थापना सन् 1981 में 47 छात्र / छात्राओं एवं सीमित संसाधनों के साथ हुई। निरंतर विकास की ओर अग्रसर होते हुये इस महाविद्यालय के 1988 में स्नातकोत्तर का दर्जा प्राप्त हुआ।
- प्रसिद्ध इंजीनियर एवं शिक्षावद् मोक्षगुंडम विश्वेसरैया के नाम पर इस महाविद्यालय का नामकरण किया गया।
- 2011 में नैक मूल्यांकन के प्रथम चक्र में इसे B ग्रेड तथा 2016 में द्वितीय चक्र B++ ग्रेड प्राप्त हुआ।
- अगले चक्र में A ग्रेड के लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु महाविद्यालय परिवार अग्रसर है।
- छात्र / छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा आधुनिक साधनों जैसे स्मार्ट क्लास, इन्टरनेट के माध्यम से दिये जाने के साथ-साथ उनको सकारात्मक सोच, अनुशासन, नैतिक मूल्य, शालीनता एवं शिष्टाचार जैसे गुण प्रदान करने में महाविद्यालय प्रयासरत है।
- महाविद्यालय में वर्तमान में कुल 26 नियमित एवं 27 अतिथि एवं जनभागीदारी व्याख्याता कार्यरत हैं तथा कार्यालयीन तथा प्रयोगशाला स्टॉफ संख्या 25 है।
- महाविद्यालय में अधिकांश प्राध्यापक वरिष्ठ एवं अनुभवी है।
- MHRD के अंतर्गत svayam.gov.in के पोर्टल पर इस सत्र से online course उपलब्ध है।
- सत्र 2020-21 में कुल 3118 छात्र / छात्राएं अध्ययनरत थे एवं स्नातक स्तर पर 100 तथा स्नातकोत्तर स्तर पर 100 प्रतिशत छात्र / छात्राएं उत्तीर्ण हुए।
- विगत दो वर्षो की विश्वविद्यालयीन प्रावीण्य सूची में 03 छात्राओं ने प्रथम स्थान तथा 29 छात्र / छात्राओं ने प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त किए हैं।
- महाविद्यालय के मुख्य ग्रंथालय एवं विभागीय ग्रंथालयों में टेक्सट् बुक्स(पाठ्यपुस्तक), रिफ्रेन्स बुक्स नवीनतम पुस्तकें, अंग्रेजी माध्यम की पुस्तकें एवं जर्नल्स उपलब्ध है।
- नियमित अध्ययन, अध्यापन के साथ अकादमिक विकास के अंतर्गत स्नातकोत्तर छात्र / छात्राओं को नेट / सेट की कोचिंग, शोध कार्य हेतु जागरूकता तथा शोध पत्र तैयार करने एवं प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी के संबंध में जानकारी प्रदान की जाती है।
- खेलकूद गतिविधि के अंतर्गत महाविद्यालय के खिलाड़ियों ने जिला स्तरीय, विश्वविद्यालय स्तरीय एवं परिक्षेत्र स्तरीय प्रतियोगिताओं में प्रतिभागिता प्रदान की है।
- छात्र / छात्राओं के सर्वागीण विकास हेतु महाविद्यालय में सांस्कृतिक, साहित्यिक, एनएसएस, एनसीसी, यूथरेडक्रास सोसायटी, स्वीप कार्यक्रम, विभिन्न विषयों में व्याख्यान, विभिन्न जागरुकता कार्यक्रम के साथ ही सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करने हेतु प्रेरित किया जाता है।
- अकादमिक, खेलकूद, एनएसएस, एनसीसी में महाविद्यालयीन छात्र / छात्राओं ने अनेक उपलब्धियां हासिल की है।
- विश्वविद्यालयीन पाठ्यक्रमों के अतिरिक्त महाविद्यालय में इग्नू (इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय) एवं पं. सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय का समन्वयक एवं अध्ययन केन्द्र भी स्थापित है।

# महाविद्यालय में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों की जानकारी

## अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर छ.ग. से संबंद्ध पाठ्यक्रम

स्नातक स्तर पर संचालित कक्षाएं -

| क्र. | कक्षा | उपलब्ध स्थान (कक्षावार) | पात्रता |
|---|---|---|---|
| 1 | बी.कॉम प्रथम वर्ष<br>बी.कॉम द्वितीय वर्ष<br>बी.कॉम तृतीय वर्ष | 220<br>220<br>220 | सभी अनिवार्य विषय |
| 2 | बी.ए. प्रथम वर्ष<br>बी.ए. द्वितीय वर्ष<br>बी.ए. तृतीय वर्ष | 220<br>220<br>220 | अनिवार्य विषय - आधार पाठ्यक्रम (हिन्दी भाषा एवं अंग्रेजी भाषा)<br>पर्यावरण अध्ययन (केवल प्रथम वर्ष के लिए)<br>वैकल्पिक समूह I - समाजशास्त्र<br>वैकल्पिक समूह II - राजनीति / गृहविज्ञान<br>वैकल्पिक समूह III - हिन्दी साहित्य / संस्कृत<br>वैकल्पिक समूह IV - अर्थशास्त्र<br>वैकल्पिक समूह V - मनोविज्ञान / भूगोल<br>वैकल्पिक समूह VI - इतिहास (स्ववित्तीय) / अंग्रेजी साहित्य<br>टीप - आवेदक को वैकल्पिक समूह में से किन्ही तीन समूहों में से एक विषय का चयन करना होगा। |
| 3 | बी.एस.सी. प्रथम वर्ष (बायो)<br>बी.एस.सी. द्वितीय वर्ष (बायो)<br>बी.एस.सी. तृतीय वर्ष (बायो) | 200<br>200<br>200 | अनिवार्य विषय - आधार पाठ्यक्रम (हिन्दी भाषा एवं अंग्रेजी भाषा)<br>पर्यावरण अध्ययन (केवल प्रथम वर्ष के लिए)<br>वैकल्पिक समूह I - रसायन / वनस्पति / प्राणीशास्त्र<br>वैकल्पिक समूह II - रसायन / वनस्पति / माइक्रोबायो (60सीट)<br>वैकल्पिक समूह III - रसायन / प्राणी / बायोटेकनॉलाजी (20सीट)<br>वैकल्पिक समूह IV - रसायन / प्राणीशास्त्र / भूगर्भशास्त्र<br>टीप - आवेदक को वैकल्पिक समूह में से किन्ही तीन समूहों में से एक विषय का चयन करना होगा। |
| 4 | बी.एस.सी. प्रथम वर्ष (गणित)<br>बी.एस.सी. द्वितीय वर्ष (गणित)<br>बी.एस.सी. तृतीय वर्ष (गणित) | 140<br>140<br>140 | अनिवार्य विषय - आधार पाठ्यक्रम (हिन्दी भाषा एवं अंग्रेजी भाषा)<br>पर्यावरण अध्ययन (केवल प्रथम वर्ष के लिए)<br>वैकल्पिक समूह I - भौतिक / गणित / रसायन<br>वैकल्पिक समूह II - भौतिक / गणित / भूगर्भ<br>वैकल्पिक समूह III - भौतिक / गणित / कम्प्यूटर विज्ञान (60सीट)<br>टीप - आवेदक को वैकल्पिक समूह में से किन्ही तीन समूहों में से एक विषय का चयन करना होगा। |
| 5 | बीसीए प्रथम वर्ष<br>बीसीए द्वितीय वर्ष<br>बीसीए तृतीय वर्ष | 60<br>60<br>60 | सभी अनिवार्य विषय |
| 6 | डीसीए (स्ववित्तीय) | 40 | सभी अनिवार्य विषय |

## शासन स्तर से संचालित सेमेस्टर प्रणाली की कक्षायें

| क्रमांक | कक्षा | विषय | सीट |
|---|---|---|---|
| 01 | एम.ए. | राजनीति शास्त्र | 40 |
| 02 | एम.ए. | अर्थशास्त्र | 50 |
| 03 | एम.ए. | समाजशास्त्र | 50 |
| 04 | एम.ए. | भूगोल | 30 |
| 05 | एम.ए. | संस्कृत | 30 |
| 06 | एम.ए. | मनोविज्ञान | 30 |
| 07 | एम.कॉम | वाणिज्य | 90 |
| 08 | एम.एस.सी. | रसायन शास्त्र | 30 |
| 09 | एम.एस.सी. | भौतिक शास्त्र | 30 |
| 10 | एम.एस.सी. | वनस्पति शास्त्र | 30 |

## स्ववित्तीय मद से संचालित सेमेस्टर प्रणाली की कक्षायें

| क्रमांक | कक्षा | विषय | सीट |
|---|---|---|---|
| 01 | एम.ए. | हिन्दी साहित्य | 40 |
| 02 | एम.ए. | अंग्रेजी साहित्य | 30 |
| 03 | एम.एस.सी. | प्राणीशास्त्र | 30 |
| 04 | एम.एस.सी. | गणित | 30 |
| 05 | एम.ए. | इतिहास | 30 |

## शासन स्तर से संचालित सेमेस्टर प्रणाली की कक्षायें

| क्रमांक | कक्षा | विषय | सीट |
|---|---|---|---|
| 01 | पीजीडीसीए | | 70 |
| 02 | पीजीडीबीएम | | 45 |
| 03 | पीजी डिप्लोमा इन क्रिमिनोलॉजी (पीजीडीआईसी) | | 30 |

टीप :- महाविद्यालय में स्नातक / स्नातकोत्तर / डिप्लोमा पाठ्यक्रम में कुल सीट 3835

शोध केन्द्र :- समाजशास्त्र एवं अंग्रेजी विषय में शोध केन्द्र स्वीकृत है।

टीप :-

1) स्ववित्तीय मद से संचालित पाठ्यक्रमों में शासन शुल्क से अतिरिक्त शुल्क देय होगा।
2) स्नातकोत्तर कक्षाओं में सीट वृद्धि हेतु प्रस्तावित है।

नोट :- 1. बी.लिब. - प्रस्तावित, 2. बी.जे.एम.सी. - प्रस्तावित

## इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नु)

| | |
|---|---|
| समन्वयक | - डॉ. एस.के यादव (मो. : 9425227604) |
| सहायक | - श्री जे.पी. कुर्रे (मो. : 9826331942) |
| कक्ष | - इग्नु |
| मिलने का समय | - प्रतिदिन 3:00 से 5:00 बजे दोपहर (रविवार को भी कार्यालय खुला रहेगा।) |

अध्ययन केंन्द्र /परीक्षा केन्द्र
सत्रीय कार्य एवं छात्र/छात्राओं
अध्ययन केन्द्र में संचालित पाठ्यक्रमों की विस्तृत जानकारी हेतु डॉ. एस.के. यादव एवं श्री जे.पी. कुर्रे से संपर्क करें। -

## पंडित सुन्दर लाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय संबंधित जानकारी :-

| | |
|---|---|
| समन्वयक | - डॉ. आर.के. सक्सेना (मो. : 9425547200) |
| सहायक समन्वयक | - श्री गणेश गढ़ेवाल (मो. : 7489701037) |
| सहायक | - श्री जे.पी. कुर्रे (मो. 9826331942) |
| कक्ष | - आई.क्यू.ए.सी. |
| मिलने का समय | - प्रतिदिन 3:00 से 5:00 बजे दोपहर |

अध्ययन केंन्द्र /परीक्षा केन्द्र

## कोरोनाकाल में महाविद्यालय का संदेश :-

कोरोनाकाल के विपरीत परिस्थितियों में-

1) दो गज की सामाजिक दूरी का पालन करें।

2) कोरोना और लॉकडाउन पर जारी प्रशासानिक निर्देशों का पालन करें।

3) मास्क और सेनेटाइजर का उपयोग करें।

4) अनावश्यक भीड़ न लगायें तथा भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में न जायें।

5) कोरोना से लड़ने के लिए टीकाकरण अवश्य करायें।

6) आसपास के परिवेश को स्वच्छ रखें और स्वच्छता अभियान में सहयोग प्रदान करें।

शुभकामनाओं सहित
समस्त महाविद्यालय परिवार...

==============================

How to fill an anti ragging form ?

1. Step by Step. Guide On.
2. How To Fill An. Online Anti Ragging Affidavit. ...
3. WWW.AMANMOVEMENT.ORG.
4. Click – On Line Affidavit. Click On Line Affidavit.
5. Read Instructions & Click Next. Read Instructions & Click Next.
6. Fill personal details on page 1/5. ...
7. Fill Page 2 for Parent/Guardian details. ...
8. Page 3 is for College Details.

Link Below :-

www.ugcandiranging.com

## महाविद्यालय में संचालित विभिन्न कक्षाओं / विषयों में प्रवेश हेतु शुल्क वितरण
## सत्र 2022-23

| क्र. | अशासकीय शुल्क | राशि रू. | क्र. | शासकीय शुल्क | राशि रू. |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | छात्र कल्याण समिति प्रवेश शुल्क | 02.00 | 01 | प्रवेश शुल्क | 03.00 |
| 02 | सम्मिलित निधि महा. गति 60.00, क्रीड़ 40.00 | 100.00 | 02 | लेखन शुल्क | 5.00 |
| 03 | सोशल गेदरिंग (सा. कार्यक्रम) | 30.00 | 03 | शिक्षण शुल्क स्नातक | 115.00 |
| 04 | छात्र कामन रुम (वाचनालय) | 40.00 | 04 | शिक्षण शुल्क स्नातकोत्तर | 135.00 |
| 05 | विभागीय पुस्तकालय शुल्क | 30.00 | 05 | प्रायोगिक शुल्क | 20.00 |
| 06 | महाविद्यालय विकास शुल्क | 50.00 | | स्ववित्तीय पाठ्यक्रम हेतु शुल्क | |
| 07 | निर्धन छात्र कल्याण शुल्क | 5.00 | 01 | बी.ए. I/II/III (इतिहास) | 500/- (प्रतिवर्ष) |
| 08 | छात्र कल्याण शुल्क | 10.00 | 02 | बी.एस.सी. I/II/III (माईक्रोबायोलाजी) | 3500/-(प्रतिवर्ष) |
| 09 | सायकल स्टैण्ड शुल्क | 65.00 | 03 | बी.एस.सी. I/II/III (बायोटैक्नालाजी) | 3500/-(प्रतिवर्ष) |
| 10 | चिकित्सा शुल्क | 3.00 | 04 | बी.एस.सी. I/II/III (कम्प्यूटर विज्ञान) | 4000/-(प्रतिवर्ष) |
| 11 | परिचय पत्र शुल्क | 50.00 | 05 | एम.ए. प्रथम / तृतीय सेमे. (हिन्दी / अंग्रेजी) | 4000/-(प्रतिवर्ष) |
| 12 | शारीरिक कल्याण शुल्क | 150.00 | 06 | एम.ए. प्रथम / तृतीय सेमे. (गणित) | 4000/-(प्रतिवर्ष) |
| 13 | पुस्तकालय शुल्क | 30.00 | 07 | एम.एस.सी. प्रथम / तृतीय सेमे. (प्राणीशास्त्र) | 7500/-(प्रतिवर्ष) |
| 14 | सम्मिलित निधि (वि.वि. अंश1/- एवं महा. अंश 1/-) | 2.00 | 08 | डीसीए (एक वर्षीय पाठ्यक्रम) | 7000/-(प्रतिवर्ष) |
| 15 | जनभागीदारी शुल्क | 350.00 | 09 | पीजीडीसीए (एक वर्षीय पाठ्यक्रम) | 10500/-(प्रतिवर्ष) |
| 16 | रेडक्रास सोसायटी शुल्क | 25.00 | 10 | पीजीडीबीएम (एक वर्षीय पाठ्यक्रम) | 4000/-(प्रतिवर्ष) |
| 17 | आंतरिक परीक्षा शुल्क | 50.00 | 11 | एम.ए. इतिहास | 4000/-(प्रतिवर्ष) |
| 18 | उर्जा पत्रिका शुल्क | 50.00 | 12 | पीजीडीआईसी (एक वर्षीय पाठ्यक्रम) | 6000/-(प्रतिवर्ष) |

## आवश्यकतानुसार

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01 | अप्रवासन शुल्क (Migration Fees) | 400.00 | पीएचडी शोधार्थियों को स्नातकोत्तर कक्षाओं के अनुसार शुल्क देय होगा। |
| 02 | अवधान राशि स्नातक (Caution Money) | 60.00 | |
| 03 | अवधान राशि स्नातकोत्तर (Caution Money) | 100.00 | |

नोट- 1) स्ववित्तीय मद से संचालित पाठ्यक्रमों में शासन के शुल्क के अतिरिक्त शुल्क देय होगा। प्रवेश के सम्पूर्ण शुल्क समय लिया जावेगा।

2) प्रवेश शुल्क की संपूर्ण राशि एक किस्त में भुगतान करना होगा।

# महाविद्यालय में उपलब्ध सुविधाएं

शैक्षणिक-

- अध्ययन-अध्यापन के नवीनतम तकनीक का उपयोग किया जाता है।
  महाविद्यालय के मुख्य प्रशासनिक भवन में 12 अध्यापन कक्ष, रुसा भवन में 06+03 अध्यापन कक्ष उपलब्ध है।
- महाविद्यालय में प्रायोगिक विषयों के लिए नवीनतम् सुविधायुक्त प्रयोगशाला उपलब्ध है।
- पृथक ग्रंथालय, वाचनालय, बीपीएल बुक बैंक, एससी / एसटी, छात्र / छात्राओं हेतु पृथक ग्रंथालय के साथ सभी स्नातकोत्तर विभागों में विभागीय ग्रंथालय उपलब्ध है।

शैक्षिणेत्तर-

- क्रीड़ा गतिविधि:- क्रीड़ाअधिकारी- डॉ. बी.एस. राव, विशाल खेल मैदान पवेलियन, क्रिकेट, एक्लेटिक्स, फुटबाल, कबड्डी, हॉकी, व्हालीबाल, खो-खो, बास्केट बॉल, बॉल बैडमिन्टम, नेटबॉल, टेबल टैनिस आदि खेलों की सुविधा उपलब्ध।
- NCC-प्रभारी- डॉ. एस.के. यादव (9425227604), 28 सी.जी. बटालियन रायगढ़ से संबंद्ध, एनसीसी का एक प्लाटन महाविद्यालय में है। जिसमें 30 स्थान छात्रों एवं 24 स्थान छात्राओं के लिये आरक्षित है। एनसीसी के कैडैट्स को सी सर्टिफिकेट प्राप्त करने पर पुलिस सेना व अन्य सुरक्षा संबंधी नौकरी के भर्ती में वरीयता प्रदान की जाती है।
- राष्ट्रीय सेवा योजना- प्रभारी पुरुष इकाई- डॉ. बी.एल. साव, महिला इकाई- श्रीमती अमोला कोर्राम। महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की दो इकाइयां (पुरुष 100 एवं महिला 100) क्रियाशील है। समाज सेवा के माध्यम से व्यक्तित्व का विकास के साथ रा से यो ने इस महाविद्यालय में कई आयाम स्थापित किये हैं।
- यूथ रेडक्रॉस सोसायटी- प्रभारी- श्रीमती अमोला कोर्राम। महाविद्यालय में यूथ रेडक्रास सोसयटी स्थापित है। जिसके तहत् महाविद्यालय के समस्त प्रवेशित छात्र / छात्राओं का रक्त वर्ग परीक्षण, छात्र / छात्राओं का स्थास्थ्य परीक्षण, रक्तदान के लिये जागरुकता, स्वास्थ्य परिचर्चा का आयोजन एवं शासन के निर्देशानुसार अन्य आवश्यक कार्य किये जाते हैं।
- कैरियर काउन्सलिंग एवं प्लेसमेंट सेल-कैरियर काउन्सलिंग के अंतर्गत महाविद्यालय में समय-समय पर व्यााख्यान आयोजित किये जाते हैं। विभिन्न कंपनियों द्वारा महाविद्यालय में प्लेसमेंट हेतु कैंप आयोजित किये जाते हैं।
- सांस्कृतिक / साहित्यिक गतिविधियां- छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग एवं संबंध विश्वविद्यालय द्वारा प्रदत्त अकादमिक केलेण्डर के अनुसार सत्र में सांस्कृतिक / साहित्यिक गतिविधयाँ आयोजित की जाती है।
- महिला रक्षा टीम- महिला सशक्तिकरण एवं नारी उत्पीड़न समिति तथा कोरबा पुलिस द्वारा गठित महिला रक्षा टीम एवं आंतरिक परिवाद समिति महाविद्यालय की छात्राओं को विपरीत परिस्थितियों का सामना करने एवं आत्मरक्षा करने में सहायता प्रदान करती है।
- क्लब गतिविधियां-छात्र / छात्राओं के व्यक्तित्व एवं बौद्धिक विकास हेतु क्लब गतिविधियों में भाग लेना आवश्यक है। निम्नलिखित क्लब गतिविधियों महाविद्यालय में संचालित है:-

  01. इको क्लब
  02. हॉबी क्लब
  03. विज्ञान क्लब
  04. इंग्लिश क्लब
  05. स्वीप ELC क्लब (निर्वाचक साक्षरता क्लब)

- शिक्षक अभिभावक योजना- शिक्षक अभिभावक योजना समिति के अंतर्गत समस्त छात्र / छात्राओं को छात्र संख्या के आधार पर शिक्षक, अभिभावक आबंटित किये जाते है। इसके अंतर्गत शिक्षक अभिभावक द्वारा छात्र / छात्राओं की समस्याओं का निराकरण किया जाता है।
- दिव्यांग प्रकोष्ठ- महाविद्यालय में अध्ययनरत नियमित दिव्यांग छात्र / छात्राओं को चिन्हांकित कर दिव्यांग प्रकोष्ठ में शामिल किया जाता है। प्रत्येक छात्र / छात्रा हेतु एक शिक्षक / पालक / काउंसलर स्वेच्छा से सहमति
- प्रदान कर उनकी समस्याओं का निराकरण करते हैं।
- महाविद्यालय प्रकाशन- छात्र / छात्राओं के बौद्धिक विकास हेतु महाविद्यालय द्वारा वार्षिक पत्रिका उर्जा एवं अर्द्धवार्षिक न्यूज लेटर Mirror का प्रकाशन किया जाता है।
- छात्रवृत्ति-शासन के निर्देशानुसार निम्न छात्रवृत्तियों की सुविधा महाविद्यालय में उपलब्ध है। ये छात्रवृत्तियां वांछित शर्तो पर ही देय होगी।

| | | |
|---|---|---|
| 1) मेरिट छात्रवृत्ति | 2) दिव्यांग छात्रवृत्ति | 3) राष्ट्रीय ऋण छात्रवृत्ति |
| 4) राष्ट्रीय छात्रवृत्ति | 5) खेलकूद छात्रवृत्ति | 6) अ.जा. / अ.जजा / अपिव |
| 7) बीपीएल छात्रवृत्ति (गरीबी रेखा के नीचे) | 8) यूजीसी छात्रवृत्ति | 9) अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति |

- ऑडिटोरियम-महाविद्यालय मे 400 सीटर का ऑडिटोरियम का निर्माण कार्य लगभग पूर्णता की ओर है।
- कैन्टिन सुविधा- महाविद्यालय में कैंटीन का संचालन किया जाता है।
- सायकल स्टैण्ड- महाविद्यालय के मुख्य द्वार नं. 02 पर सायकल स्टैण्ड की सुविधा उपलब्ध है। सायकल स्टैण्ड के नियमों का पालन करना अनिवार्य है।

# छत्तीसगढ़ के शासकीय महाविद्यालयों में विद्यार्थियों के लिए आचार संहिता

सामान्य नियम-

छत्तीसगढ़ के शासकीय महाविद्यालयों में प्रवेश लेने वाले प्रत्येक विद्यार्थियों को महाविद्यालय के नियमों का अक्षरशः पालन करना होगा। इनका पालन न करने पर वह शासन द्वारा निर्धारित दण्डात्मक कार्यवाही का भागीदार होगा।

01. विद्यार्थी शालीन वेशभूषा में महाविद्यालय आयेंगे। किसी भी स्थिति में उसकी वेशभूषा उत्तेजक नहीं होना चाहिए।
02. प्रत्येक विद्यार्थी अपना पूर्ण ध्यान अध्ययन में लगायेगा, साथ ही महाविद्यालय द्वारा आयोजित पाठ्येत्तर गतिविधियों में भी पूरा सहयोग प्रदान करेगा।
03. महाविद्यालय परिसर में वह शालीन व्यवहार करेगा, अभद्र व्यवहार असंसदीय भाषा का प्रयोग गाली-गलौच, मारपीट या आग्नेय अस्त्रों का प्रयोग नहीं करेगा।
04. प्रत्येक विद्याथी अपने शिक्षकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों से नम्रता एवं भद्रता का व्यवहार करेगा।
05. महाविद्यालय परिसर को स्वच्छ बनाये रखना प्रत्येक विद्यार्थी का नैतिक कर्तव्य है।
06. वह सरल, निर्व्यसन और मितव्ययी जीवन निर्वाह करेगा।
07. महाविद्यालय की सीमाओं में किसी प्रकार के मादक पदार्थों का सेवन सर्वथा वर्जित है।
08. महाविद्यालय में इध-उधर थूकना, दीवालों को गंदा करना या अभद्र बातें लिखना सख्त मना है। विद्यार्थी के असामाजिक तथा अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त पाये जाने पर कठोर कार्यवाही की जायेगी।
09. वह अपनी मांगों का प्रदर्शन, आंदोलन, हिंसा या आतंक फैलाकर नहीं करेगा। विद्यार्थी अपने आप को दलगत राजनीति से दूर रखेगा तथा अपनी मांगों के लिए राजनैतिक दलों, कार्यकर्ताओं अथवा समाचार पत्रों का सहारा नहीं लेगा।
10. वाई-फाई जोन के अतिरिक्त महाविद्यालय परिसर में मोबाईल का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित है।
11. छात्र/छात्राओं को स्थानांतरण प्रमाण पत्र एवं मार्कशीट परिचय पत्र दिखाने पर स्वयं को अथवा अभिभावक को दिया जायेगा।

# छात्र-छात्राओं के लिए आवश्यक निर्देश

01. प्रवेश की प्रक्रिया अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर 2022-23 में ऑनलाईन व ऑफलाईन दोनों प्रक्रिया से होगी। आवेदक प्रवेश मार्गदर्शिका का अध्ययन करें। समय सीमा में नियमानुसार आवेदन पत्र के साथ स्वयं के द्वारा सत्यापित आवश्यक दस्तावेज संलग्न कर कार्यालय में जमा करें। प्रवेश सूची में नाम आने पर निर्धारित तिथि में प्रवेश ले।
02. प्रवेश प्राप्त करते ही परिचय पत्र, ग्रंथालय पत्रक बनाये जायेंगे। विद्यार्थी प्रतिदिन परिचय पत्र लेकर ही महाविद्यालय में प्रवेश कर सकेंगे।
03. महाविद्यालयीन गतिविधियों की समग्र जानकारी के लिये प्रतिदिन ग्रंथालय / एनएसएस / क्रीड़ा / विभाग एवं मुख्य एवं अन्य सूचना पटल का अवलोकन करें।
04. महाविद्यालय अनुशासन समिति एवं प्राचार्य द्वारा छात्र / छात्रओं की गतिविधियों का निरंतर अवलोकन किया जाता है। अतः छात्र अनुशासन का पालन करें।
05. प्रत्येक विषय में 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य है। एनसीसी कैम्प / एनएसएस कैम्प / खेलकूद / राज्य स्तरीय प्रतिस्पर्धाओं में सम्मिलित हुये छात्रों को उपस्थित माना जावेगा।
06. 75 प्रतिशत से कम उपस्थिति होने पर छात्रा स्वाध्यायी के रुप में विश्वविद्यालयीन परीक्षा में सम्मिलित होंगे।
07. विद्यार्थी उपस्थिति कम होने पर छात्र / छात्रों को तथा उनके पालकों को समय-समय पर सूचना दी जायेगी।
08. ग्रंथालय द्वारा स्थापित नियमों का पूर्णतः पालन करेगा।
09. महाविद्यालय की संपत्ति (फर्नीचर / उपकरण / पुस्तकों) का नुकसान, इलेक्ट्रिक फिटिंग आदि तोड़-फोड़ दण्डात्मक आचरण के अंतर्गत माना जायेगा।
10. नियमित छात्र / छात्राओं के साथ गैर महाविद्यालयीन व्यक्ति का प्रवेश वर्जित है।
11. शिक्षक अभिभावक योजना के अंतर्गत सत्र में आयोजित बैठक में अभिभावक की उपस्थिति अनिवार्य है।

विश्वविद्यालय संबंधी जानकारी-

01. महाविद्यालय में स्नातक पाठ्यक्रमों के प्रायोगिक विषयों में छात्र / छात्राओं स्वाध्यायी के रुप में अस्थायी प्रवेश प्राप्त कर सकते है।
02. प्रायोगिक विषयों में स्वाध्यायी परीक्षार्थी के रुप में परीक्षा में सम्मिलित होना चाहते है तो प्रायोगिक प्रवेश लेना अनिवार्य है एवं तीन माह तक निरंतर प्रायोगिक कार्य हेतु उपस्थित होना अनिवार्य है।
03. दिव्यांग छात्रों को विश्वविद्यालयीन परीक्षा शुल्क से मुक्त रखा गया है। इस हेतु उन्हें शासन से जारी दिव्यांग प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा।
04. विश्वविद्यालय के अध्यादेश के तहत् कोई भी छात्र एक सत्र में 02 डिग्री परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो सकता।

05. अ) महाविद्यालय में प्रथम अवसर नियमित प्रवेश प्राप्त करने वाले छात्र / छात्राओं को विश्वविद्यालय में नामांकन हेतु आवेदन पत्र कार्यालय से प्राप्त कर नामांकन फार्म भरकर जमा करना होगा।

ब) छत्तीसगढ़ के बाहर के बोर्ड / विश्वविद्यालय से परीक्षा उत्तीर्ण कर आये छात्र को महाविद्यालय में नियमित प्रवेश प्राप्त करने पर पात्रता तथा स्वाध्यायी परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु प्रवजन प्रमाण पत्र एवं विश्वविद्यालय का अनुमति पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।

06. अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियों को विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.bilaspuruniversity.ac.in में भी प्राप्त कर सकते हैं:-

1) प्रवेश संबंधी नियम।

2) विश्वविद्यालयीन नामांकन फार्म भरने की तिथि / शुल्क।

3) विश्वविद्यालयीन पूरक / वार्षिक / सेमेस्टर परीक्षा के फार्म भरने संबंधी एवं शुल्क संबंधी जानकारी।

4) विश्वविद्यालयीन परीक्षा संबंधी समय सारिणी।

5) विश्वविद्यालयीन परीक्षा परिणाम।

6) विश्वविद्यालयीन पूरक / वार्षिक परीक्षा का प्रवेश पत्र।

7) छात्रसंघ संबंधी आवश्यक जानकारी।

8) स्नातक स्नातकोत्तर स्तर के सभी कक्षाओं / विषयों के पाठ्यक्रम।

9) खेलकूद एवं अन्य गतिविधियों के संबंध में आवश्यक जानकारी।

10) एंटी रैगिंग संबंधी नियम।

06. महाविद्यालय की जानकारी महाविद्यालय की वेबसाईट www.gvpgkrb.ac.in में देखी जा सकती है।

परीक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी-

- विश्वविद्यालय समन्वय समिति की 12 वीं बैठक दिनांक 22.07.2006 में लिये निर्णयानुसार शैक्षणिक सत्र 2007-08 से आधार पाठ्यक्रम हिन्दी भाषा / अंग्रेजी भाषा अलग-अलग उत्तीर्ण होना अनिवार्य किया गया है।
- अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर द्वारा स्नातकोत्तर कथाओं में अध्यापन सेमेस्टर पद्धति से संचालित है तथा छात्र / छात्राओं को परीक्षा में प्रत्येक प्रश्न पत्र में 36 प्रतिशत अंक प्राप्त करना अनिवार्य है।

महाविद्यालय प्रशासन का अधिकार क्षेत्र-

1) अनैतिक मूलक या गंभीर अपराध में लिप्त छात्र / छात्राओं का प्रवेश तत्काल निरस्त कर दिया जावेगा।

2) रैंगिंग में लिप्त छात्र / छात्राओं को छत्तीसगढ़ शैक्षणिक संस्थानों में प्रताड़ना प्रतिषेध अधिनियम 2011 के अनुसार रैंगिंग किये जाने पर अथवा रैंगिंग के लिए प्रेरित करने पर पाँच साल तक कारावास की सजा या पाँच हजार रुपये जुर्माना अथवा दोनों से दण्डित किया जा सकता है।

3) यदि विद्यार्थी निर्धारित समय सीमा में शुल्क का भुगतान नहीं करने पर प्रवेश निरस्त किया जावेगा।

4) यदि विद्यार्थी किसी भी प्रार्थना पत्र अथवा आवेदन में तथ्यों के गलत प्रस्तुतीकरण पर करेगा तो उसका प्रवेश निरस्त कर दिया जायेगा।

5) महाविद्यालय में प्रवेश लेने हेतु विद्यार्थी द्वारा प्रस्तुत किये गये आवेदन पत्र में उनके पालक / अभिभावक का घोषणा पत्र पर हस्ताक्षर करना अनिवार्य है और यह हस्ताक्षर प्रवेश समिति के समक्ष किया जावेगा।

# अधिसूचना

## स्नातकोत्तर (सेमेस्टर पद्धति)

अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर के अधिसूचनार्थ अनुसार स्नातकोत्तर सेमेस्टर पद्धति में प्रोन्नति एवं अध्यादेश की कंडिका 4 में आवश्यक संशोधन किये जाने के संबंध में गठित समिति की बैठक दिनांक 26.08.2017 एवं 06.09.2017 में लिये गये निर्णय एवं कार्यपरिषद् की बैठक दिनांक 26.08.2017 में प्राप्त अनुमोदन अनुसार अध्यादेश क्रमांक - 148 की कंडिका 4 में निम्नानुसार संशोधन किया जाता है।

Amendment the clause 4 of ordinance No. 148 shall be as follows :

1. A student securing minimum 36% mark in internal assessment (8 out of 20 marks ini each theory paper) and obtaining 75% class attendance in each semester shall be allowed to appear in semester end examination.
2. A student securing minimum 36% marks in any paper separately in semester end examination (theory and practical) in each semester, shall be allowed to pursue the courses of studies for next semester under following scheme of promotion -
   - i. A candidate is eligible to continue and shall be promoted to IInd Semester after the 1st semester examination with any number of back paper in the Ist Semester.
   - ii. A candidate shall be promoted to IIIrd Semester with not more than 50% back papers (including theory and practical) of Ist and IInd semester consolidated (Maximum 4 papers out of 8 papers, 5 out of 10 papers and 6 out of 12 papers in the subject concerned)
   - iii. A candidate shall be eligible to condinue the IVth semester after IIIrd semester exmination with any umber of back papers in IIIrd semester.
   - iv. Such promotion scheme shall be applicable only when students have appeared in semester end examination either partially of fully.
   - v. Re-examination for back papers shall be allowed in succeeding semester (back papers of odd semester in next odd semester examination and back papers of even semester in next even semester examination)
   - vi. A candidate shall have to clear all papers of each semester within maximum 8 semester during 4 years from the date of admission to a particular academic session.
   - vii. The provision of revaluation will not be available : however a candidate may apply for retotalling of marks in answer book. Only within 15 days of result declaration.

### स्नातक

विश्वविद्यालय समन्वय समिति में वार्षिक परीक्षा परिणाम में आतंरिक मूल्यांकन / छःमाही परीक्षा के अंक को मुख्य वार्षिक परीक्षा के अंक में जोड़ा जाना है। जिसमें आंतरिक मूल्यांकन / छः माही परीक्षा का अंक / वेटेज 10 प्रतिशत एवं मुख्य वार्षिक परीक्षा का अंक / वेटेज 90 प्रतिशत होगा। अतः आंतरिक एवं छः माही परीक्षा में छात्रों का सम्मिलित होना अनिवार्य है।

# प्रवेश संबंधी जानकारी

01. प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु चयनित छात्र / छात्राओं को प्रवेश समिति के द्वारा जानी चयन सूची के अनुसार ही निर्धारित तिथि तक प्रवेश लेना अनिवार्य होगा।

02. स्नातक भाग दो एवं तीन में प्रवेश उनके पूर्व परीक्षा के परिणाम घोषित होने के 15 दिवस अथवा अंक सूची प्राप्त होने के 10 दिवस के भीतर प्रवेश लेना अनिवार्य होगा। इस महाविद्यालय के नियमित उत्तीर्ण छात्र / छात्राओं का प्रवेश समिति के माध्यम से सीधे प्रवेश लिया जायेगा। स्वाध्यायी एवं अन्य आवेदकों से प्राप्त आवेदनों पत्रों पर प्रवेश समिति सीट उपलब्ध होने पर ही प्रवेश सुनिश्चित करेगी।

03. सभी कक्षाओं एवं पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु शासन द्वारा निर्धारित अंतिम तिथि -

01) प्राचार्य की अनुमति से - 02 अगस्त - 31 अगस्त तक

02) माननीय कुलपति महोदय की अनुमति से - 15 सितम्बर तक

विशेष एवं महत्वपूर्ण सूचना :-

बी.ए. / बी.एस.सी. / बी.कॉम के ऐच्छिक विषय के लिए विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित विषय एवं समूह को ही मान्य किया जायेगा।

!! आवश्यक दस्तावेजों की चेक लिस्ट !!

प्रवेश आवेदन पत्र में आवश्यक दस्तावेजों को चेक लिस्ट के अनुसार संलग्न करें :-

01. हाई-स्कूल, हायर सेकेण्डरी स्कूल अंक की स्वअभिप्रमाणित प्रति।
02. स्नातक भाग-I,II या अन्य उत्तीर्ण परीक्षा की अंक-सूची की स्वअभिप्रमाणित प्रति।
03. स्थानांतरण प्रमाणपत्र की स्वअभिप्रमाणित एवं मूल प्रति।
04. चरित्र प्रमाण पत्र की स्वअभिप्रमाणित प्रति।
05. प्रवजन (Migration) प्रमाण पत्र की मूल प्रति।
06. राज्य स्तरीय खेलकूद / एनसीसी / एनएसएस प्रमाण पत्र की स्वअभिप्रमाणित प्रति।
07. दिव्यांग प्रमाण पत्र की स्वअभिप्रमाणित प्रति।
08. भूतपूर्व सैनिक प्रमाण पत्र की स्वअभिप्रमाणित प्रति।
09. सक्षम अधिकारी द्वारा प्रमाणित स्थायी जाति प्रमाणपत्र, निवास प्रमाण पत्र की स्वअभिप्रमाणित प्रति।
10. आधार कार्ड की छायाप्रति।
11. बैंक पासबुक की छायाप्रति।
12. गेप सर्टिफिकेट आवश्यकतानुसार।
13. पात्रता प्रमाण पत्र आवश्यकतानुसार।
14. दो पासपोर्ट साईज फोटो।
15. बी.ए. प्रथम वर्ष में आवेदन में भरे गये विषय समूह में सीट रिक्त नहीं होने पर अन्य विषय समूह में प्रवेश दिया जावेगा।

नोट - अस्थायी जाति प्रमाण पत्र मान्य नहीं होगा ।

टीप :-

01. प्रवेश सूची में नाम आने पर छात्र / छात्राएं अपने समस्त मूल दस्तावेजों / प्रमाण पत्रों एवं दो पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ सहित अपने अभिभावक सहित उपस्थित होंवे ।

02. प्रवेश के दौरान रैंगिंग के संबंध में शपथ पत्र अनिवार्य रुप से भरना होगा ।

03. बोर्ड-विश्वविद्यालय द्वारा नकल पर दण्डित अवधि में प्रवेश नहीं दिया जायेगा ।

04. किसी भी प्रकार के आपराधिक / न्यायालयीन प्रकरण से संबंधित आवेदकों को प्रवेश नहीं दिया जायेगा ।

# शुल्क मुक्ति, सहायक निधि, शिष्यवृत्ति संबंधी जानकारी

01. अनुसूचित जाति / जनजाति के छात्र / छात्राओं के लिए शिक्षण शुल्क में छूट है, इस हेतु जाति प्रमाण पत्र निर्धारित प्रपत्र में तहसीलदार या उच्च राजस्व अधिकारी का प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।

02. छ.ग. शासन के अंतर्गत कार्यरत, सेवा निवृत्त अथवा मृत शासकीय कर्मचारियों के पुत्र-पुत्रियों हेतु शिक्षण शुल्क मुक्ति-इस वर्ग के छात्र-छात्राओं के लिए शुल्क मुक्ति की सुविधा उपलब्ध है। शुल्क मुक्ति की यह सुविधा उन छात्र-छात्राओं के लिए उपलब्ध है, जिनके पिता अथवा माता छ.ग. शासन के चतुर्थ श्रेणी, तृतीय श्रेणी अथवा द्वितीय श्रेणी के ऐसे कर्मचारी है, जिनका मूल वेतन 14500/-(चौथे वेतनमान) से अधिक नहीं है, ऐसे छात्र-छात्राओं के निर्धारित संलग्न प्रपत्र में आवेदन करना चाहिये।

03. महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं के लिए स्नातक / स्नातकोत्तर स्तर पर शुल्क मुक्ति की सुविधा उपलब्ध है।

04. सगे भाई हेतु शुल्क रियायत (ब्रदर्स कन्सेशन) यदि महाविद्यालय में एक सत्र में यदि अध्ययनरत हैं तो ऐसी स्थिति में कनिष्ठ भाई को शुल्क मुक्ति की सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। इस सुविधा हेतु कनिष्ठ भाई द्वारा निर्धारित प्रपत्र में आवेदन करना चाहिये।

05. भूतपूर्व सैनिकों के पुत्र-पुत्रियों के लिए सामान्य शिक्षा के स्नातकोत्तर स्तर तक शिक्षण शुल्क मुक्ति की सुविधा है।

06. अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं बीपीएल के छात्र-छात्राओं हेतु छात्रवृत्ति शासन के नियमानुसार देय होगी।

## कार्यालय प्राचार्य, शास. इं.वि. स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कोरबा (छ.ग.)
## कार्यरत प्राध्यापक / सहा. प्राध्यापकों की सूची
### प्राचार्य - डॉ. आर.के. सक्सेना

| क्र. | अधिकारियों के नाम | पद |
|---|---|---|
| 01 | डॉ. (श्रीमती) साधना खरे | प्राध्यापक (समाजशास्त्र) |
| 02 | श्रीमती अल्का श्रीवास्तव | सहा. प्राध्यापक (रसायन शास्त्र) |
| 03 | डॉ. (श्रीमती) रेणुबाला शर्मा | सहा. प्राध्यापक (वनस्पति शास्त्र) |
| 04 | डॉ. के.आर. जाटवर | सहा. प्राध्यापक (राजनीति शास्त्र) |
| 05 | डॉ. बी.एल. साय | सहा. प्राध्यापक (भूगोल) |
| 06 | डॉ. एस.के. गोभिल | सहा. प्राध्यापक (अर्थशास्त्र) |
| 07 | डॉ. बी.एस. राव | क्रीड़ा अधिकारी |
| 08 | डॉ. श्रीमती एम.एल. अग्रवाल | सहा. प्राध्यापक (अंग्रेजी) |
| 09 | डॉ. श्रीमती पूर्णिमा साहू | सहा. प्राध्यापक (अर्थशास्त्र) |
| 10 | श्रीमती ऋतु सिन्हा | सहा. प्राध्यापक (अर्थशास्त्र) |
| 11 | डॉ. (श्रीमती) धनेश्वरी दुबे | सहा. प्राध्यापक (हिन्दी) |
| 12 | श्रीमती अमोला कोर्राम | सहा. प्राध्यापक (हिन्दी) |
| 13 | डॉ. दिनेश श्रीवास | सहा. प्राध्यापक (हिन्दी) |
| 14 | श्री बलराम कुर्रे | सहा. प्राध्यापक (प्राणीशास्त्र) |
| 15 | डॉ. संदीप शुक्ला | सहा. प्राध्यापक (वनस्पति शास्त्र) |
| 16 | डॉ. (श्रीमती) अवन्तिका कौशिल | सहा. प्राध्यापक (मनोविज्ञान) |
| 17 | कु. ज्योति राठौर | सहा. प्राध्यापक (रसायन शास्त्र) |
| 18 | श्रीमती कुन्दन आनंद | सहा. प्राध्यापक (रसायान शास्त्र) |
| 19 | डॉ. संजय कुमार यादव | सहा. प्राध्यापक (राजनीति शास्त्र) |
| 20 | श्री सुशील कुमार अग्रवाल | सहा. प्राध्यापक (वनस्पति शास्त्र) |
| 21 | श्री सुशील कुमार गुप्ता | सहा. प्राध्यापक (समाजशास्त्र) |
| 22 | श्री रमेश मौर्य | सहा. प्राध्यापक (वाणिज्य) |
| 23 | सुश्री कल्पना कंवर | सहा. प्राध्यापक (वाणिज्य) |
| 24 | श्री कन्हैया सिंह कंवर | सहा. प्राध्यापक (संस्कृत) |
| 25 | श्री राजकुमार राठौर | सहा. प्राध्यापक (रसायान शास्त्र) |
| 26 | श्री श्याम सुन्दर त्रिपाठी | सहा. प्राध्यापक (भौतिक शास्त्र) |
| 27 | सुश्री अनुपमा पटेल | सहा. प्राध्यापक (विधि) |
| 28 | सुश्री स्वीटी ठाकुर | सहा. प्राध्यापक (विधि) |
| 29 | सुश्री दिव्या पटेल | सहा. प्राध्यापक (अंग्रेजी) |
| 30 | श्रीमती मधु कंवर | सहा. प्राध्यापक (वाणिज्य) |
| 31 | श्री शुभम ढोरिया | सहा. प्राध्यापक (गणित) |
| 32 | श्री दीपक सिंह | ग्रंथपाल |

## कार्यालय प्राचार्य, शास. इं.वि. स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कोरबा (छ.ग.)
## कार्यालयीन परिवार

| क्र. | कर्मचारियों के नाम | पद |
|---|---|---|
| 01 | श्री के.एल. देवांगन | रजिस्ट्रार |
| 02 | श्री के.एस. कंवर | हॉस्टल मैनेजर |
| 03 | श्री जे.के. दीवान | सहायक ग्रेड - 1 |
| 04 | श्री डी.के. साहू | सहायक ग्रेड - 1 |
| 05 | श्रीमती राधा कुर्रे | सहायक ग्रेड - 3 |
| 06 | श्री रवि गंधर्व | डाटा एन्ट्री आपरेटर |
| 07 | श्रीमती सरिता सिदार | भृत्य |
| 08 | श्री दीपनारायण उरांव | भृत्य |
| 09 | श्री जुरेन्द्र लाल | बुकलिफ्टर |
| 10 | श्री रतुराम मंझवार | चौकीदार |
| 11 | श्री द्वारिका प्रसाद | चौकीदार |
| 12 | श्री कृपा सिन्धु नायक | स्वीपर |

## कार्यालय प्राचार्य, शास. इं.वि. स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कोरबा (छ.ग.)
## प्रयोगशाला परिवार

| क्र. | कर्मचारियों के नाम | पद |
|---|---|---|
| 01 | श्री के.आर. टंडन | प्रयोगशाला तकनीशियन (रसायन शास्त्र) |
| 02 | श्री जमुना प्रसाद कुर्रे | प्रयोगशाला तकनीशियन (कम्प्यूटर विज्ञान) |
| 03 | श्रीमती चोन्हती नाथ | प्रयोगशाला तकनीशियन (भूगोल) |
| 04 | कु. सुनीता ओगरे | प्रयोगशाला तकनीशियन (प्राणीशास्त्र) |
| 05 | श्री महेन्द्र कपूर | प्रयोगशाला तकनीशियन (वनस्पति) |
| 06 | श्री संतोष कुमार निर्मलकर | प्रयोगशाला परिचारक (भौतिक शास्त्र) |
| | | |
| | | |
| | | |
| | | |
| | | |

# हेल्प डेस्क
## छात्र-छात्राओं के लिए महत्वपूर्ण मोबाईल/फोन नंबर

| नाम | नंबर | नाम | नंबर |
|---|---|---|---|
| शास.इं.वि. स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कोरबा | 07759-221458 | पुलिस थाना कोरबा | 07759-221800 |
| शास. मिनीमाता कन्या महाविद्यालय कोरबा | 07759-223722 | पुलिस थाना बालको | 07759-242022 |
| शास. मु.ध. पाण्डेय महा. कटघोरा | 07815-275284 | पुलिस थाना रामपुर | 07759-222486 |
| शास. महा. भैसमा मुख्य अस्पताल, कोरबा | 07759-226738 | | |
| शास. महा. दीपका | 9993583610 | बिलास ब्लड बैंक, कोरबा | 07759-644656 |
| शास. महा. करतला | 8889199564 | एनएसएस प्रभारी डॉ.बी.एल. साय | 9827981052 |
| शास. महा. बरपाली | 07759-279222 | एनसीसी प्रभारी डॉ. एस.के. यादव | 9425227604 |
| शास. महा. पाली | 9755177128 | क्रीड़ा अधिकारी | 9827180816 |
| शास. ग्राम्य भारती | 07815-203206 | ग्रंथपाल (श्री दीपक सिंह) | 6264058634 |
| महा. हरदीबाजार | | | |
| अटल बिहारी वाजपेयी | 07752-212314 | छात्रवृत्ति प्रभारी (श्रीमती अमोला कोर्राम) | 9131904498 |
| वि.वि. बिलासपुर | | | |
| गुरुघासीदास वि.वि. | 07752-260353 | यूथरेडक्रास सोसायटी (श्रीमती अमोला कोर्राम) | 9893410694 |
| बिलासपुर | | | |
| पं. सुन्दर लाल शर्मा मुक्त वि.वि. बिलासपुर | 07752-240712 | एंटी रैंगिंग समिति (श्रीमती अल्का श्रीवास्तव) | 9827917081 |
| छ.ग. व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर, वि.वि. अनुदान आयोग | 07714-019274 | अनुशासन (डॉ. श्रीमती आर.बी. शर्मा) | 9824144403 |
| रेल्वे पूछताक्ष (कोरबा) | 07755-2467418 | | |
| लैंगिंग उत्पीड़न समिति | | श्रीमती ऋतु सिन्हा (महाविद्यालयीन) | 9826769788 |

## कार्यालय हेल्प डेस्क

| नाम | मोबाइल नंबर | कार्यभार |
|---|---|---|
| श्री. के.एस. कंवर | 9827488964 | स्थापना प्रभारी |
| श्री जे.पी. कुर्रे | 9826331942 | प्रभारी छात्र शाखा |
| श्री महेन्द्र कपूर | 9752984741 | छात्रवृत्ति प्रभारी |

# उच्च शिक्षा विभाग, छत्तीसगढ शासन

## शैक्षणिक सत्र 2022–23 का अकादमिक केलेण्डर

| क्र. | विवरण | तिथियॉ |
|---|---|---|
| 01 | **प्रवेश प्रक्रिया (महाविद्यालय स्तर पर)** | |
| | क) स्नातक प्रथम वर्ष हेतु | 16.06.2022 से 16.08.2022 तक |
| | ख) अन्य कक्षाओं हेतु | 16.06.2022 से 15.07.2022 या परीक्षा परिणाम घोषित होने के उपरान्त 10 दिन के भीतर |
| | ग) प्रवेश प्रक्रिया विश्वविद्यालय के माध्यम से ऑनलाईन पद्धति से | |
| 02 | कुलपति की अनुमति से प्रवेश की अंतिम तिथि | 26 अगस्त, 2022 तक |
| 03 | नियमित कक्षायें प्रारंभ | 01.07.2022 से |
| 04 | वार्षिक परीक्षाओं का आयोजन | 11 मार्च, 2023 से 01 मई 2023 |
| 05 | सभी वार्षिक परीक्षा परिणामों की घोषणा | 16.06.2023 तक |
| 06 | पुनर्मूल्यांकन के सभी परिणामों की घोषणा | 31.08.2023 तक |
| 07 | पूरक परीक्षा का आयोजन | न्यूनतम समय में |
| 08 | पूरक परीक्षा के परिणामों की घोषणा | 31.10.2023 तक |
| 09 | **छात्रसंघ गतिविधियॉ** | |
| | क) छात्रसंघ गठन प्रक्रिया एवं शपथ ग्रहण | 03.09.2022 से 09.09.2022 छात्रसंघ गठन हेतु चुनाव/मनोनयन, शासन के निर्देशानुसार |
| 10 | **खेलकूद एवं सांस्कृतिक गतिविधियाँ :–** | |
| | क) खेलकूद प्रतिस्पर्धा प्रारंभ (इंडोर आउटडोर) | 18.07.2022 से |
| | ख) खेलकूद प्रतिस्पर्धाओं का समापन (इंडोर आउटडोर) | 20.12.2022 तक |
| | ग) महाविद्यालय स्तर पर खेलकूद (इंडोर आउटडोर) का वार्षिक आयोजन एवं पुरस्कार वितरण | 21, 22 एवं 23 दिसम्बर 2022 में से कोई दो दिन |
| 11 | **एन.सी.सी./एन.एस.एस. एवं अन्य गतिविधियॉक)** | |
| | क) वृक्षारोपण कार्यक्रम | जुलाई, 2022 की द्वितीय सप्ताह |
| | ख) महाविद्यालय स्तर पर वार्षिकोत्सव का आयोजन | 21, 22 एवं 23 दिसम्बर 2022 में से कोई एक दिन |
| | ग) एन.सी.सी./एन.एस.एस. कैम्प का आयोजन | 24.12.2022 से 31.12.2022 तक |
| | घ) दीक्षान्त समारोह | जनवरी–फरवरी, 2023 |
| 12 | **अवकाश** | |
| | अ) दशहरा अवकाश ( 3 दिन) | 03.10.2022 से 05.10.2022 तक |
| | ब) दीपावली अवकाश ( 3 दिन) | 24.10.2022 से 26.10.2022 तक |
| | स) शीतकालीन अवकाश ( 3 दिन) | 24.12.2022 से 26.12.2022 तक |
| | द) ग्रीष्मकालीन अवकाश ( 1 माह) | 16.05.2023 से 15.06.2023 तक |

| | | |
|---|---|---|
| 13 | **आंतरिक परीक्षाओं का कार्यक्रम** | |
| | 1) प्रथम यूनिट परीक्षा | 01.09.2022 |
| | 2) द्वितीय यूनिट परीक्षा | 30.09.2022 |
| | 3) तृतीय यूनिट परीक्षा | 05.11.2022 |
| | 4) प्रथम सत्र /सेमेस्टर परीक्षा | 24, 25, 26 नवम्बर, 2022 |
| | 5) चतुर्थ यूनिट परीक्षा | 19.12.2022 |
| | 6) द्वितीय सत्र/सेमेस्टर परीक्षा | 28, 29, 30 दिसम्बर 2022 |
| | 7) प्री-फाइनल परीक्षा | 27, 28, 30 जनवरी 2023 |
| 14 | **वार्षिक परीक्षा कार्यक्रम** | |
| | 1) वार्षिक प्रायोगिक परीक्षाओं का आयोजन | माह फरवरी, 2023 |
| | 2) वार्षिक परीक्षाओं का आयोजन | मार्च 2023 प्रथम सप्ताह से |

**नोट** – अपरिहार्य कारणवश शैक्षणिक कार्य दिवस निर्धारित मानक 180 दिवसों से कम होने की स्थिति में समस्त महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में अपने स्तर पर शैक्षणिक कालखण्डों की अवधि में वृद्धि कर शैक्षणिक दिवसों की पूर्ति की जाए ताकि अकादमिक केलेण्डर का पालन सुनिश्चित हो।

**नियमित विद्यार्थी के रुप में वार्षिक परीक्षा में बैठने की पात्रता :-**

1. प्रत्येक विषय में आफलाईन कक्षाओं में 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य है।
2. कुल 07 आंतरिक परीक्षाओं कक्षाओं में से कम से कम 05 में सम्मिलित होना अनिवार्य है। बिना इसके वार्षिक परीक्षा में बैठने की अनुमति नही दी जाये।
3. एन.सी.सी./एन.एस.एस. कैम्प/खेलकूद/राज्य स्तरीय प्रतिस्पर्धाओं में सम्मिलित हुए छात्रों को उपस्थित माना जाये।
4. कक्षाओं में उपस्थिति की प्रथम गणना 30 नवम्बर तक की जाये।
5. कम उपस्थिति वाले छात्रों को तथा उनके पालकों को सूचना दी जाये।
6. कक्षाओं में उपस्थिति की द्वितीय गणना 28 फरवरी तक की जाये।

(सेमेस्टर कक्षाओं के लिए)

| अकादमिक कार्य | स्नातक/स्नातकोत्तर (I/III/V/VII/IX सेमेस्टर) | स्नातक/स्नातकोत्तर (II/IV/VI/VIII/X सेमेस्टर) |
|---|---|---|
| प्रवेश प्रक्रिया | 16 जून से 30 जून , 2022 | – |
| कक्षाओं का आरम्भ | 1 जुलाई, 2022 | 16 जनवरी , 2023 |
| प्रायोगिक परीक्षाएँ | 24 नवम्बर, 2022 से | 24 अप्रैल, 2023 से |
| परीक्षा पूर्व तैयारी | 25 नवम्बर 2022 से<br>10 दिसम्बर 2022 तक | 25 अप्रैल 2023 से<br>10 मई 2023 तक |
| लिखित परीक्षाएँ | 11 दिसम्बर 2022 से | 11 मई 2023 से |
| परीक्षा परिणाम | 15 जनवरी 2023 | 15 जून 2023 |

## Grievance Appeal and Redressal Committee Member 2022-23

| S.No. | Name | Nominated As |
|---|---|---|
| 1. | Smt. Alka Shrivastav | Convener |
| 2. | Dr. B.L. Sai | Member |
| 3. | Mrs. R. Sinha | Member |
| 4. | Dr. D Dubey | Member |
| 5. | Dr. Awantika Khushil | Member |

## SC/ST/OBC Committee Members 2022-23

| S.No. | Name | Nominated As |
|---|---|---|
| 1. | Dr. B.L. Sai | Convener |
| 2. | Dr. K.R. Jatwar | Member |
| 3. | Mrs. K. Anand | Member |
| 4. | Mr. Kaniya Singh Kanwar | Member |
| 5. | Mrs. C. Nath | Member |

## Anti-raggin Committee Members 2022-23

| S.No. | Name | Nominated As |
|---|---|---|
| 1. | Dr. M.L. Agrawal | Convener |
| 2. | Mr. Balram Kurrey | Member |

## Internal Compliant Committee Members 2022-23

| S.No. | Name | Nominated As |
|---|---|---|
| 1. | Mrs. A Shrivastava | Convener |
| 2. | Dr. P. Sahu | Member |
| 3. | Dr. B.L. Sai | Member |
| 4. | Mrs. K. Anand | Member |

# महाविद्यालयीन गतिविधियाँ


















# महाविद्यालयीन गतिविधियाँ











# महाविद्यालयीन गतिविधियाँ














# खबरों में महाविद्यालय



मतदाता जागरूकता में विशेष कार्य के लिए बीएलओ भी सम्मानित

## मतदाता जागरूकता में उत्कृष्ट प्रदर्श्न के लिए मिला पुरस्कार

ज़िला स्तरीय भाष

पीजी कॉलेज में छात्राओं का हुआ सम्मान

16-12-2022

## एनसीसी कैडेट ने रैली निकाल अनेकता में एकता का दिया संदेश

01-05-2022

## गर्मी में परिंदों के लिए पेड़ों में सकोरा बांधकर भर रहे पानी

## उपभोक्ताओं से कहा- बीआईएस मार्क देखकर ही ख़रीदें सामान

द-विवाद प्रतियोगिता ... में लिया निर्णय

बिजली ... की अ

विश्वस्तरीय बनाएं: उपराष्ट्रपति

...ल ने 162 स्टूडेंट्स को वितरित किए गोल्ड मैडल, इनमें 117 छात्राएं

विफलताओं से हमें निराश होने की जरूरत नहीं: राज्यपाल

## ऑनलाइन वाद-विवाद स्पर्धा में राज प्रथम, काजल दूसरे और आशुतोष तीसरे स्थान पर

पीजी कॉलेज के 30 विद्यार्थी मेरिट में

दिव्यांग दिवस पर निबंध प्रतिया...

85 लोगों ...

...धी राष्ट्रीय ग्रामीण शि... शिक्षा विभाग ने दिया

## ...ज को मिला ग्रीन चैंपियन अवार्ड

शैक्षणिक सत्र ...21-22 के लिए देश भर के कॉलेजों द्वारा इस प्रमाण पत्र के लिए ऑनलाइन जानकारी केंद्र सरकार के उच्च शिक्षा विभाग ने संचालित महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण शिक्षा परिषद को उपलब्ध कराई गई थी, जिसमें गवर्नमेंट पीजी (लीड) कॉलेज ने भी अपने संस्थान में उपलब्ध संसाधनों के साथ चलाई जाने वाली विशेष गतिविधियों की जानकारी पोर्टल में सबमिट की थी।

दी गई जानकारियों में कॉलेज पहुंचकर एक अधिकृत टीम ने भौतिक सत्यापन किया। उनके रिपोर्ट के आधार पर पीजी कॉलेज को चयनित करते हुए डिस्ट्रिक ग्रीन चैंपियन अवार्ड की घोषणा की गई। यह अवार्ड पीजी कॉलेज में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर रानू साहू ने प्राचार्य डॉ.आरके सक्सेना को प्रदान किया।महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण शिक्षा परिषद उच्च शिक्षा विभाग शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा उच्च शिक्षण संस्थानों को स्वच्छता व हरियाली के लिए विशेष गतिविधि चलाने पर जिले के एक शिक्षण संस्थान को डिस्ट्रिक ग्रीन चैंपियन अवार्ड से पुरस्कृत किया जाता है। इसके लिए महाविद्यालय को ऑनलाइन माध्यम से अपने संस्थान में उपलब्ध संसाधन जैसे स्वच्छ पेयजल, ऊर्जा संरक्षण, वेस्ट मैनेजमेंट के तौर तरीकों की जानकारी मंगाई जाती है। ऑनलाइन भरी गई जानकारी के आधार पर व महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण शिक्षा परिषद के प्रतिनिधि द्वारा संबंधित शिक्षण संस्थान में आकर भौतिक सत्यापन के बाद बन डिस्ट्रिक बन ग्रीन चैंपियन के अंतर्गत एक शिक्षण संस्थान को ग्रीन चैंपियन अवार्ड से पुरस्कृत किया जाता है। इसके लिए सत्र 2021-22 के लिए दी गई जानकारी के आधार पर प्रारंभिक चयन उपरांत गवर्मेंट पीजी कॉलेज कोरबा का महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण शिक्षा परिषद के प्रतिनिधि नरेन्द्र द्वारा 21 जनवरी को भौतिक निरीक्षण करते हुए कॉलेज द्वारा किए प्रयासों को उत्कृष्ट माना था। साथ ही अवार्ड के लिए नाम की घोषणा की थी। अवार्ड के रूप में प्रमाण पत्र व चेक प्रोत्साहन स्वरूप मिला है। जिसे कलेक्टर साहू ने प्राचार्य डॉ.सक्सेना को दिया। इस मौके पर एसपी भोजराम पटेल, कॉलेज में इको क्लब के संयोजक सुशील कुमार अग्रवाल समेत कॉलेज स्टाफ उपस्थित रहा।

कलेक्टर के हाथों अवार्ड प्राप्त करते प्राचार्य